Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

## सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३१ अंक-१२-१३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ जून- १५ जुलाई २०२३ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः२० रु.मात्र + डाक खर्च (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २७ जून, २०२३ को मध्य प्रदेश के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (भोपाल) में ५ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

## वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव करेगी प्रदान –पीएम मोदी

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेल एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बना जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के पांच नए एवं उन्नत संस्करणों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के दौरान, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, कई जन प्रतिनिधि और विशेष अतिथि भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। आरामदायक और उन्नत अनुभव वाली रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत करते हुए, रानी कमलापति-जबलपुर, रानी कमलापति-इंदौर, गोवा (मडगांव)-मुंबई, रांची-पटना और धारवाड़-बेंगलुरु के बीच पांच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। रवाना की गई ये वंदे भारत ट्रेनें विभिन्न राज्यों की राजधानियों और अन्य शहरों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, यात्रा में लगने वाले समय को कम करेंगी तथा यात्रा को और आरामदायक बनायेंगी। ये वंदे भारत ट्रेनें नए भारत-विकसित भारत के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचा रही हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें कई प्रकार की बेहतर सुविधाएं प्रदान करती हैं, जो यात्रियों को विश्वस्तरीय आरामदायक यात्रा का अनुभव और कवच तकनीक सहित उन्नत अत्याधुनिक सुरक्षा संबंधी विशेष व्यवस्था उपलब्ध करायेगी। प्रत्येक ट्रेन में १६० किमी प्रति घंटे की परिचालन गति के लिए पूरी तरह से सस्पेंडेड ट्रैक्शन मोटर से लैस बोगियां प्रदान की गई हैं। उन्नत अत्याधुनिक सस्पेंशन प्रणाली यात्रियों के लिए सुगम एवं सुरक्षित यात्रा और बेहतर आरामदायक सवारी सुनिश्चित करती है। इन ट्रेनों को पावर कार और उन्नत पुनर्योजी ब्रेकिंग सिस्टम के साथ लगभग ३० प्रतिशत बिजली की बचत करके भारतीय रेल के हरित उत्सर्जन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

## प्रयागराज मंडल क्षेत्र के सांसदों की महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के साथ बैठक




दिनांक ३० जून २०२३ को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार ने प्रयागराज मंडल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक का उद्देश्य जनता की रेल सम्बंधी जन आकांक्षाओं एवं रेल सुविधाओं में सुधार और बढ़ोत्तरी के संबंध में क्षेत्रीय सांसदों और रेल प्रशासन के बीच विचार विमर्श था।

## इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत साढ़े सात लाख युवाओं को देंगे नौकरी-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र/लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से हम साढ़े सात लाख युवाओं को नौकरी देंगे। सीएम योगी ने कहा कि ऋण वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम के तहत प्रदेश के ३ लाख ४१ हजार एमएसएमई उद्यमियों को एक साथ ऋण वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर एमएसएमई क्लस्टर विकसित करें। सीएम योगी ने मंगलवार दिनांकः २७.०६.२०२३ को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-२०२३ के अवसर पर कहा कि हमारे उद्यमियों को भी इसके लिए आगे आना होगा। साथ ही लखनऊ, वाराणसी और आगरा में यूनिटी मॉल बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। वहां पर अच्छे गेस्ट हाउस और हॉस्टल बनाया जाए। सीएम योगी ने कहा की एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा २० हजार करोड़ रुपए के ऋण वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर पहले चरण के तहत राजधानी के अवध शिल्पग्राम में यूनिटी मॉल प्रारंभ हो जाए तो बेहतर रहेगा। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों ने इस सेक्टर में नई जान फूंककर उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है।

# 'अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर संरक्षा जागरूकता बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस (ILCAD) के अवसर पर, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने अपर महाप्रबंधक चंद्र प्रकाश गुप्ता और अन्य अधिकारियों के साथ समपरों के बारे में संरक्षा जागरूकता प्रसारित करने के लिए एक मोबाइल वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से रवाना किया। यह मोबाइल वैन सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के ३ मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करेगी। टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॉसिंगों, गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर करेगी। वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास करें। ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जाने, ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें', यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करना, ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जानाश आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। वैन की पूरी यात्रा के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के सेफ्टी काउंसलर साथ रहेंगे और विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पैम्फलेट पोस्टर और स्टिकर वितरित करेंगे। गौरतलब है कि 'अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस' लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने की एक पहल है। यह अभियान २००६ में इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा शुरू किया गया था। यूआईसी एक अंतरराष्ट्रीय रेलवे संगठन है जो दुनिया भर के रेल संगठनों द्वारा समर्थित है। प्रति वर्ष, लगभग ५० देश इस आयोजन में भाग लेते हैं, इसमें विभिन्न प्रकार की समपार संरक्षा प्रयासों और व्यवस्थाओं को दुनिया भर में समपारों पर दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से साझा किया जाता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक कुमार ने कहा कि मोबाइल वीडियो वैन के साथ सेफ्टी काउंसलर रहेंगे जो लेवल क्रॉसिंगों जाकर सड़क उपयोगकर्ताओं, गेटमैन के साथ बातचीत करेंगे और सुरक्षा सावधानियों के बारे में परामर्श करेंगे। उन्होंने इसी क्रम में रेल समपारों के उन्मूलन, गेटों की इंटरलॉकिंग, तथा आर ओ बी/आर यू बी के निर्माण पर भी बल दिया। उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी एवं संरक्षा कर्मी स्कूलों/कॉलेजों/ग्राम पंचायतों का भी दौरा कर रहे हैं। सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, एसएमएस, रेडियो, टेलीविजन आदि के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा, रेल कर्मियों में संरक्षा की आदत डालने के लिए पूरे जोन के स्टेशनों, प्रशिक्षण केंद्रों पर संरक्षा सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टाफ उपस्थित थे।






## ललितपुर स्टेशन पर सेफ्टी सेमिनार आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रः झाँसी मण्डल के ललितपुर स्टेशन पर सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया ।

उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अतुल यादव की अध्यक्षता में दि.१४.०६.२३ को आयोजित सेफ्टी सेमिनार में ५० से अधिक पर्यवेक्षकों सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।संरक्षा संवाद में डिसकनेक्शन एवं रीकनेक्शन के दौरान ट्रेन संचालन, स्टेबल लोड, शंटिंग, ट्रैफिक ब्लाक तथा कैटल रन ओवर जैसी स्थिति में संरक्षित संचालन सम्बंधित विषय पर विस्तार से समझाया गया। डिसकनेकशन/रीकनेक्शन मेमों के महत्व के बारे में जागरूक करने के अलावा इमरजेंसी आपरेशन, स्पेड न हो सावधानियों के बारे मे निंदेश दिये गये, ओएचई मेंटेनेंस, समपार फाटक पर सतर्कता पूर्वक कार्य करने, प्वाइंट एंड क्रासिंग कार्य के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा कर्मचारियों को इन विषयों पर जागरुक किया गया । इसके अलावा रेल गाड़ियों तथा रेल परिसर में आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में भी कर्मचारियों को विस्तार पूर्वक बताया गया ।

## GENERAL MANAGER INSPECTS HOWRAH METRO STATION OF GREEN LINE

Source/CPRO/Metro Railway/Kolkata: All on-going Metro projects in the city and suburbs have got momentum in recent years. Under the able leadership of P Uday Kumar Reddy, General Manager, Metro Railway regular progress of these projects is being monitored and evaluated and necessary actions for augmenting the work are being taken. General Manager has been personally visiting the project sites to see the progress of the works. P Uday Kumar Reddy, General Manager, Metro Railway inspected Howrah Metro station of Green Line on 13.06.2023. During this inspection Manish Jain, Divisional Railway Manager, Howrah and other senior officials of Metro Railway accompanied him. P Uday Kumar Reddy, inspected the passenger inter-changing points of Metro Railway and Eastern Railway at Howrah station. He also inspected the Platform Screen Doors which are being installed. During this inspection, Reddy evaluated the progress of works of underground Howrah station, traction substation, power supply system, ventilation & air-conditioning system. Howrah Metro station is going to be the deepest Metro station in the country. During this inspection, he enquired about different technical parameters of the station and took stock of the passenger amenities to be provided there. P Uday Kumar Reddy, expressed his satisfaction after seeing the progress of the work and advised all to complete all the pending works within the deadline.



## इन राज्यों में चलेंगी ४६ नई वंदे भारत ट्रेनें

साभारः वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है, जो त्वरित गति एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ सुसज्जित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को १५ फरवरी, २०१६ को नई दिल्ली एवं वाराणसी, उत्तर प्रदेश के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। दूसरी ओर इस समय ४६ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवायें उपलब्ध हैं। बता दें यह वंदे भारत एक्सप्रेस देश के २४ राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से चलाई जा रही हैं, वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं से समय की बचत हो रही है। अन्य ट्रेनों की सेवाओं की तुलना में वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा में ०१ घंटे की कमी आई है। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की अधिकतम अनुमन्य गति १६० किमी. प्रति घंटा है।

## प्रीती देवी, बर्नी माह मई, २०२३ की सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार के द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०६ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। दिनांक १३.०६.२०२३ को पुरस्कृत कर्मचारियों में अनिमेश कुमार शुक्ला, ट्रेन मैनेजर/ प्रयागराज/प्रयागराज मण्डल, कैलाश चन्द मीना, उप मुख्य टिकट निरीक्षक/ टूण्डला/ प्रयागराज मण्डल, नरेन्द्र कुमार, हेल्पर टूण्डला/ प्रयागराज मण्डल, उदय नारायण पटेरिया, लोको पायलट मेल/वीरांगना लक्ष्मीबाई/झांसी मण्डल, रामकेश मीना, सहायक लोको पायलट/वीरांगना लक्ष्मीबाइ/ झांसी मण्डल, कुलदीप सिंह, वरि. ट्रेन मैनेजर/ ग्वालियर/ झांसी मण्डल, सतीश कुमार, लोको पायलट/ आगरा छावनीध्आगरा मण्डल, सी. एल. मीना, सहायक लोको पायलट/आगरा छावनी/ आगरा मण्डल एवं प्रीती देवी, प्वाइण्टसमैन/प्रयागराज छिवकी / प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। प्रीती देवी, को माह मई २०२३ के के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रीती देवी ने दिनांक २७.०५.२३ को ड्यूटी के दौरान गाड़ी को काशन देने जाते समय, लाइन नं. १८ (प्लेटफार्म नं. ३) में रेल फ्रैक्चर चिन्हित कर अविलम्ब स्टेशन मास्टर को सूचित किया। इस प्रकार इनके द्वारा त्वरित कार्यवाही कर एक संभावित बड़ी दुर्घटना को रोका गया।

## पेंशन अदालत हुआ सम्पन्न



रे.स.ब्यू./सूत्रः झांसी में वर्ष २०२३ की प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा, विवेक मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अपर मण्डल रेल प्रबंधक ने पेंशनरों की भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं को तत्परता से निपटाने पर जोर दिया एवं पेंशन अदालत से लाभ लेने हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रेरित किया । अदालत में ६७ प्रकरणों में से ५६ का निस्तारण किया गया एवं अन्य प्रकरणों में कार्यवाही चल रही है जो कि शीघ्र निस्तारित कर दी जायेगी। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ७वे पे कमीशन संशोधित पी.पी.ओ प्रदान किये एवं पेशन अदालत में प्राप्त प्रकरणो में एनईएफटी के माध्यम से रू. ६,६५,१२१/- (रुपये छः लाख पन्चानवे हजार एक सौ इक्कीस ) का भुगतान किया। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित सभी अधिकारयों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये पेंशन अदालत में निस्तारण किये गये प्रकरणों के बारे में प्रकाश डाला और पेंशनरों को उचित सुझाव दिये । पेशन अदालत में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबन्धक सन्तोष कुमार, मंडल कार्मिक अधिकारी-। रवीन्द्र कुमार, मंडल कार्मिक अधिकारी-।। जी.पी. मिश्रा, मंडल वित्त प्रबन्धक राजेन्द्र कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी-। शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी-।। लवी अब्राहम, सहायक मंडल वित्त प्रबन्धक महेन्द्र नामदेव, सहायक मंडल वित्त प्रबन्धक सिद्धान्त सिंह दांगी एवं सहायक मंडल अभियन्ता/ट्रैक ए. के. जौहरी के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओ का निस्तारण कियां गया । कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक द्वारा किया गया ।



महाप्रबंधक बरेका, बासुदेव पांडा ने किया प्रशासनिक भवन का निरीक्षण

## ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली नए दौर का आगाज



रे.स.ब्यू./सूत्रः बिलासपुर रुदक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आधुनिक एवं सुविधायुक्त तकनीकी का उपयोग कर सुविधाओं के साथ अधिक से अधिक ट्रैफिक के लिए प्रयासरत है। इस आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के अंतर्गत बेहतर परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए परंपरागत सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड कर आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में परिवर्तित किया जा रहा है । ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के साथ ही ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने के व प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रेफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है। ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लगने से ट्रेनों को बेवजह कहीं भी खड़ी नहीं होना पड़ेगा। इसके चलते एक ही रूट पर एक के पीछे एक ट्रेन बिना लेट हुए आसानी से चल सकेगी। इसके साथ ही इसके कई लाभ हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नागपुर से दुर्ग तक की सेक्शनल स्पीड बढ़ाकर राजधानी रूट के समकक्ष १३० किलोमीटर प्रतिघंटा की जा चुकी है । ऑटोमेटिक सिग्नल से रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ सकेगी। वहीं कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाएगा। यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहेंगी। अगर आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी। जो ट्रेन जहां रहेंगी, वहीं रुक जाएंगी। पहले जहां दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी वहीं ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार २, ३ या ४ ट्रेने भी आ सकती है। औसतन एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच की दूरी १२ से १५ किलोमीटर तक होती है। ट्रेन को यह दूरी तय करने में १५ मिनट का समय लगता है। पहले गई ट्रेन के पीछे १५ मिनट के बाद दूसरी ट्रेन चलाई जाती है। रेलवे इस समय को कम कर सात से आठ मिनट करने जा रहा है। जिससे वर्तमान समय में चलने वाली ट्रेन दोगुनी ट्रेनें चलाई जा सकें। रेलवे इसके लिए दो स्टेशन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टनम लगाने जा रहा है। बीच के सिग्नल को पार करते ही पीछे से दूसरी ट्रेन चला दी जाएगी। इससे १५ मिनट के स्थान पर सात से आठ मिनट में ही दूसरी ट्रेन चलाई जा सकती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के कलमना से दुर्ग (२६५कि.मी.), जयरामनगर - बिलासपुर - बिल्हा (३२ कि. मी.) और बिलासपुर - घुटकू (१६ कि.मी.) सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग प्रणाली अपनाया जा चुका है। निकट भविष्य में चांपा से गेवरारोड,जयरामनगर से अकलतरा एवं बिल्हा से निपनिया तक ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान किया जाएगा। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर परंपरागत सिग्नलिंग सिस्टम तथा ट्रेन परिचालन के एबस्ल्युट ब्लॉक सिस्टम के स्थान पर विभिन्न सेक्शन में आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम लागू किए जाने का कार्य किया जा रहा है ।

## प, रामनरेश तिवारी पिंडीवासा बने महानिदेशक आकाशवाणी दिल्ली जूरी के सदस्य



साभारः प, रामनरेश तिवारी पिंडीवासा प्रयागराज को महानिदेशक आकाशवाणी दिल्ली द्वारा जूरी सदस्य के रूप में नामित। पूर्व जिला प्रबंधक, उपमहाप्रबंधक प्रयागराज मंडल खाद्य मंत्रालय भारत सरकार में कार्यरत रहे प, रामनरेश तिवारी पिंडीवासा प्रयागराज को महानिदेशक आकाशवाणी दिल्ली द्वारा आकाशवाणी प्रयागराज केन्द्र पर होने वाली उद्घोषकों,कम्पीयर्स की स्क्रीनिंग परीक्षा तथा स्वर परीक्षा जूरी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस मनोनयन का पत्र आकाशवाणी प्रयागराज के सहायक निदेशक डॉ लोकेश कुमार शुक्ल के द्वारा निर्गत किया गया है। श्री पिंडी वासा के इस मनोनयन पर न्यायमूर्ति गिरधर मालवीय, प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी,मां, सांसद प्रो, रीता बहुगुणा जोशी,मां, सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, प्रो, हनुमान प्रसाद तिवारी, रविनंदन सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य साहित्यकारों ने बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

## सम्पादकीय

# सवाल सुरक्षित यात्रा का

भारत में रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर बालासोर (ओडिशा) में हुई ट्रेन दुर्घटना ने फिर सबका ध्यान खींचा है। यह हादसा तब हुआ, जब भारत सरकार रेल यात्रा को तेज और सुखद आरामदेय बनाने की कोशिश कर रही है। भारत सरकार ने पिछले कुछ सालों से रेल नेटवर्क में से एक में हाई-स्पीड- अ टोमेटेड ट्रेनों को शुरू करके रेल आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का दावा किया है। सरकार के घोषित लक्ष्यों में २०२४ तक रेलवे का १०० फीसदी विद्युतीकरण करना और २०३० तक नेटवर्क को कार्बन न्यूट्रल बनाना शामिल है। लेकिन इसी बीच बालासोर ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर भी सवाल उठे हैं। रेलवे ने ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए एक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रॉटेक्शन सिस्टम 'कवच' पर २०१२ में काम शुरू किया था। इसका पहला परीक्षण २०१६ में किया गया था। २०२२ में इसका लाइव डेमो दिखाया गया और इसे लॉन्च किया गया। लेकिन रेल नेटवर्क में अभी यह सिर्फ दो प्रतिशत हिस्से में कार्यरत है। तो साफ है कि हादसों का कारण ढांचागत कमजोरियां और भटकी प्राथमिकताएं हैं। जब तक ये मौजूद हैं, रेल यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकेगी। भारतीय रेलवे को १३-१४ लाख कर्मचारियों के साथ देश की जीवन रेखा माना जाता है। भारतीय ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग सवा दो करोड़ लोग सफर करते हैं और रेलवे ३० लाख टन माल की ढुलाई करती है। लगभग ६८,००० किलोमीटर के ब्रॉड-गेज नेटवर्क पर २१,००० से अधिक ट्रेनें दौड़ती हैं।

# उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित समर हॉबी कैम्प सम्पन्न



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित समर हॉबी कैम्प दिनांक ०७.०६.२०२३ को सम्पन्न हो गया। समर हॉबी कैम्प में कुल १४६ बच्चों ने भाग लिया। जितेन्द्र प्रजापति द्वारा स्केटिंग, कुमारी अंजलि शर्मा एवं पूजा शर्मा द्वारा आर्ट एवं क्राफ्ट, कुमारी तनु भारतीय द्वारा नृत्य तथा राजा बाबू शर्मा द्वारा जूडो कराटे कोर्सो को सफलतापूर्वक सिखाया गया।

इस मौके पर संगठन की अध्यक्षा रूबी रानी सिंह महोदया द्वारा स्केटिंग एवं जूडो कराटे प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये आर्ट एवं काफ्ट पेन्टिंग की आयोजित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया गया, जिसके अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समर कैम्प में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उपहार एवं प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गयें। इसी क्रम में संगठन की अध्यक्षा रूबी रानी सिंह महोदया एवं संगठन की सदस्याओं द्वारा स्पंदन क्लब, रेलगाँव कालोनी, सूबेदारगंज में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया ।

इस अवसर पर उपाध्यक्षा ज्योत्सना कुमारी, सचिव नूपुर अग्रवाल, मीना माथुर, माधुरी सिंह, शांता बेउरा, मिथलेस कुमारी, कल्पना अग्रवाल, अनुराधा केशरवानी, मीनल भटनागर, रीना कुमारी, अलका अग्रवाल, रिचा वर्मा, रेणु पोनिया, नीलम कुमार, विजेता श्रीवास्तव, शैल पाण्डेय, श्रुति सचान के साथ-साथ संगठन की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# दिल्ली-हावड़ा रूट पर खत्म होगी ट्रेनों की लेट लतीफी




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) के न्यू डगमगपुर स्टेशन से न्यू डीडीयू यार्ड का उत्तर मध्य रेलवे के अफसरों ने निरीक्षण किया इस दौरान अफसरों ने डीएफसी के स्टेशनों का भी जायजा लिया दरअसल ३८ किलोमीटर लंबे न्यू डगमगपुर स्टेशन से न्यू डीडीयू यार्ड पर पिछले दिनों इलेक्ट्रिक लोको द्वारा मालगाड़ी का परिचालन कर ट्रायल सम्पन्न हुआ था। उसके बाद आज अब उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों ने डीएफसी के अफसरों के साथ मिलकर विद्युत, एवम सिविल कार्यो का निरीक्षण किया, प्रयागराज यूनिट का सेक्शन न्यू भाऊपुर से न्यू डीडीयू यार्ड तक है जिसकी दूरी ४२२ किमी है यह सेक्शन पूरी तरह से चालू हो गया है इस सेक्शन के चालू होते ही ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का ८० प्रतिशत सेक्शन चालू हो गया है । इस सेक्शन के खुलने से ट्रेनों की कनेक्टिविटी बिहार (सोननगर) से गुजरात के (सानंद) जिले तक हो जायेगी। ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे डेहरी ऑन ऋसोन और बागाबिसुनपुर से ली जाएगी मालगाडिया ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के रूट पर चलते हुए वेस्टर्न डेडीकेटड फ्रेट कॉरिडोर में स्तिथ अनेकों बंदरगाहों तक पहुंच जायेंगी एवम वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कंटेनर लोड कर ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर तेजी से भेजें जा सकेंगे। दैनिक आधार पर पॉवर हाउसों में कोयले की कमी की मांग समय से कोयला बिजली घरों में पहुंचाना इस कनेक्टिविटी के साथ पूरा किया जायेगा। इसमें बिजली घरों मे कोयला समय पर पहुंच जायेगा और कोयला खदानों से आगे की लोडिंग के लिए खाली वैगन को समय से वापस कर दिया जाएगा ।इस निरीक्षण के दौरान पीसीएसओ एनसीआर मनीष कुमार गुप्ता एवम एनामुल हक सीपीडीई एनसीआर एवम, एस. सी. तिवारी सीईडीई एनसीआर एवम सीसीई एनसीआर आर. एन. सिंह एवम एवं डीएफसी के डायरेक्टर/पीपी पंकज सक्सेना एवं ईडीएफसी ईडी प्रोजेक्ट मुकेश जैन एवम सीजीएम प्रयागराज ईस्ट ओमप्रकाश एवम अमित सेंगर जीएम इलेक्टिक एवम अर्जुन सिंह तोमर जीएम एसएनटी एवम जीएम सुरक्षा आशीष मिश्रा एवम अपर महाप्रबंधक ओपी/बीड़ी मन्नू प्रकाश दुबे एवम जीएमआर, एलएनटी, केईसी, सीमेंस, पीएमसी आदि के लोग मौजूद रहे।

मुख्य महाप्रबंधक पूर्व ओमप्रकाश ने बताया कि इस सेक्शन के खुलने ट्रेनों की कनेक्टिविटी सोननगर (बिहार) राज्य से वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू दादरी (गौतम बुद्ध नगर) होते हुए गुजरात के (सानंद) तक हो जायेगी।

# झाँसी मंडल मे चला मेगा टिकट जांच अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्रः झाँसी उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी के निर्देशन में झाँसी रेल मंडल में वृहद स्तर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तेहत बुधवार दिनांकः १४.०६.२३ को झाँसी मंडल के सभी स्टेशनों पर ८० से अधिक टिकट जाँच कर्मियों के माध्यम से वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तेहत झाँसी स्टेशन पर गुजरने वाली ट्रेनों में तथा प्लेटफार्म पर रेल यात्रियों की टिकट जांच की गयी। सुबह ६ बजे से रात १२ बजे तक जारी रहे, उक्त जांच अभियान में बिना टिकट, अनियमित यात्रा, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले, अवैध वेंडर तथा बिना बुक लगेज सहित यात्रा करने वाले कुल २१४६ यात्री पकड़े गए। जिनसे जुर्माना स्वरुप १७,२३,२५६/- रेल राजस्व अर्जित किया गया । जांच के दौरान रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम आदि परिसर की भी सघन जांच की गई, इसके अतिरिक्त स्टेशन से गुजरने वाली सभी यात्री रेलगाड़ियों के विकलांग, महिला कोच, आरएमएस कोच तथा पैंट्री कार की भी जांच की गई। टिकट जांच अभियान के माध्यम से न सिर्फ अवैध यात्र करने वाले यात्रियों पर अन्कुश लगता है साथ ही साथ इसकी वजह से आरक्षित यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की सीसीएल के सीएमडी के साथ उच्चस्तरीय बैठक



रे.स.ब्यू./सूत्रः हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने रांची में गति शक्ति प्रोजेक्ट के तहत् बेहतर कोल कनेक्टिविटी के मद्देनजर कोयला कंपनी 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' (सीसीएल) के सीएमडी के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कोयला खदानों से कोयला के सुगम परिवहन हेतु नये साईडिंग, नई लाइन, दोहरीकरण, आरओआर जैसी आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी। साथ ही, कोयला का उत्पादन बढ़ाने एवं उसके सुगम परिवहन में आने वाले अवरोधों को तत्काल दूर करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक व अन्य अधिकारियों के साथ बरकाकाना कंट्रोल रूम पहुंचे जहां उन्होंने संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# रेलवे ने अर्जित की मई २०२३ में माल ढुलाई से १४६४२ करोड़ रुपये की आय

पसूका/नई दिल्लीः रेलवे ने मई २०२३ में १३४ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की, पिछले वर्ष मई महीने में १३१.५० मीट्रिक टन की माल ढुलाई हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में माल की ढुलाई में लगभग २ प्रतिशत का सुधार हुआ है। मई २०२२ में माल ढुलाई से १४०८३.८६ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि मई २०२३ में यह लगभग चार प्रतिशत बढ़कर १४६४१.८३ करोड़ रुपये हो गया।पिछले वर्ष अप्रैल-मई में २५३.४८ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई। इस वर्ष अप्रैल-मई २०२३ तक संचयी आधार पर २६०.२८ मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई, जो पिछले साल की तुलना में लगभग ३ प्रतिशत का सुधार दर्शाती है। रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष आय में ५ प्रतिशत का सुधार किया। २०२२ में रेलवे ने २७०६६.४२ करोड़ रुपये की आय अर्जित की थी, जो इस वर्ष बढ़कर २८५१२.४६ करोड़ रुपये हो गई है। मई २०२३ में भारतीय रेलवे ने ६५.८६ मिलियन टन कोयला, १५.२३ मिलियन टन लौह अयस्क, १३.२० मिलियन टन सीमेंट की माल ढुलाई की। इसके अतिरिक्त शेष अन्य वस्तुओं में १०.६६ मिलियन टन, कंटेनरों में ६.७६ मिलियन टन, उर्वरक में ४.८६ मिलियन टन, खाद्यान्न में ४.८५ मिलियन टन और खनिज तेल में ४.२३ मिलियन टन माल की ढुलाई की है।'हंग्री फॉर कार्गो' मंत्रा का पालन करते हुए भारतीय रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

# मुदित चन्द्रा ने ग्रहण किया प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे, का पदभार



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मे प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार मुदित चन्द्रा ने दिनांक २६.०६.२०२३ को ग्रहण कर लिया। मुदित चन्द्रा सिविल सेवा परीक्षा १९९८ बैच के आई.आर.पी.एस. अधिकारी हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज से रही है। तत्पश्चात इन्होंने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज से बीई (मैकेनिकल) की डिग्री प्राप्त की है। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर ज्वाइन करने के पूर्व मुदित चन्द्रा अपर मण्डल रेल प्रबंधक, आगरा के पद पर कार्यरत थे। इसके पूर्व इन्होंने उप महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/प्रयागराज, आगरा एवं झाँसी के पद पर अपनी सेवाएं दी है।






# अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रासिंग जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रःमंडल रेल प्रबंधक झाँसी के निर्देशानुसार मऊरानीपुर स्टेशन पर उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा दिनांक १५.०६.२३ को सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे संरक्षा विभाग के संरक्षा सलाहकार एस के अग्रवाल, कै/वै एवं एस के गुप्ता, इंजी, स्टेशन प्रबंधक मऊरानीपुर, टी आई, एस एस ई (पी/वे), सी डब्लु आई खजुराहो एवं ६० सुपरवाइजर तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। संरक्षा संवाद में डिस्कोनेक्शन एवं रीकनेक्शन के दौरान गाड़ी संचालन, पर विशेष प्रकाश डाला गया, साथ ही अन्य विषयों पर जैसे कि स्टेबल लोड, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानी, इंजीनियरिंग ब्लॉक, पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के समय बरती जाने वाली सावधानियाँ तथा ट्रैक पर कैटल रन ओवर होना इत्यादि के विषयो पर चर्चा की गई। इसी क्रम में बाँदा रेलवे स्टेशन पर भी सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमे अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.डी. मौर्या द्वारा सेफ्टी सेमिनार का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अशोक प्रिय गौतम/वरि.बिजली अभि. /ओपी, अनिल कुमार मिश्रा, सहा. मंडल संरक्षा अधिकारी संरक्षा विभाग के संरक्षा सलाहकार के के द्विवेदी (लोको), स्टेशन प्रबंधक बाँदा, टी आई, एस एस ई (पी/वे), एस एस ई (सिग्न.)बाँदा, सी. एल.आई. एवं ६५ सुपरवाइजर तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। समपार फाटक सं ३६६ पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अतुल यादव, संरक्षा सलाहकार एस बी सिंह एवं नुक्कड़-नाटक टीम तथा समपार फाटक सं ३८६ व समपार फाटक सं ३७३ पर संरक्षा सलाहकार एस के अग्रवाल (कै/वै), एस के गुप्ता (इंजी) एवं समपार फाटक सं ३७१ पर संरक्षा सलाहकार ए. के. दत्ता (एस एण्ड टी) द्वारा फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओ से बचाओ के सम्बन्ध में आम जनता को जागरूक किया गया व पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
महात्मा गांधी

# पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रःहाजीपुरः पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया । दिनांक १६.०६.२०२३ को इस बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सासाराम के सांसद छेदी पासवान द्वारा की गयी । सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वागीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में काराकाट के सांसद महाबली सिंह एवं औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित थे जबकि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए । इनके अलावा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री, भारत सरकार डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि अनिल तिवारी, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री, भारत सरकार अश्विनी कुमार चौबे के प्रतिनिधि जयप्रकाश चौबे एवं जितेन्द्र पाण्डेय, गया के सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा एवं माननीया सांसद दर्शना सिंह के प्रतिनिधि विवेकानंद केसरी उपस्थित थे ।बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया । साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई । इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया । महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यो एवं नई परियोजनाओं से सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को विश्वस्तरीय एयरपोर्ट जैसी अनुभूति प्रदान करने के लिए गया जंक्शन का लगभग २६६ करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य प्रगति पर है तथा पं० दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के पुनर्विकास के लिए DPR पर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत १५ स्टेशनों का चयन किया गया है ।

## उच्च न्यायालय प्रांगण में आयोजित किया गया योगाभ्यास कार्यक्रम



साभारः भारत की परम्परागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाये जाने के उद्देश्य एवं वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ ''हर घर आंगन योग'' की थीम पर मनाये जा रहे ६वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रांगण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मा० न्यायमूर्तिगणों, मा० उच्च न्यायालय के अधिकारियों, विधि अधिकारियों एवं विद्वान अधिवक्तागणों के द्वारा पूरे मनोयोग व उत्साह के साथ योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मा० न्यायमूर्तिगणों व उपस्थित अन्य लोगो के द्वारा योग के विभिन्न आसनों का योगाभ्यास व प्राणायाम किया गया। योग प्रशिक्षिका ज्योति पाण्डे के द्वारा सर्वप्रथम वार्मअप कराकर योगाभ्यास कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया तत्पश्चात ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि अन्य आसनों के महत्व एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए प्रत्येक आसन की विधि व सावधानी के बारे में भी बताया गया।

# उत्तर मध्य रेलवे का १२४वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित



साभारः विनय कुमार गर्ग, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मार्गदर्शन, अंकुर चन्द्रा, उप महाप्रबंधक/सा.,उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के निर्देशन, संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के नेतृत्व एवं मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षकों अनिल कुमार पटेल , चन्द्र प्रकाश राय एवं मनदीप कुमार के कुशल प्रबंधन द्वारा १२४वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, सेफ्टी कैंप, धरमपुर (हिमांचल प्रदेश)/उत्तर रेलवे में दिनांक १२.०६.२०२३ से १६.०६.२०२३ में आयोजित किया गया। सेफ्टी कैंप, धरमपुर (हिमांचल प्रदेश)/ उत्तर रेलवे में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय से १२, प्रयागराज मंडल से ०५, झाँसी मंडल से ०७ एवं कारखाना झाँसी से ०४, आगरा मंडल से ०४ तथा कारखाना सिथौली से ०२ सहित कुल ३४ सुपरवाईजारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंकुर चन्द्रा, उप महाप्रबंधक/ सा., उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, मुकेश कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे, मन्नू प्रकाश दुबे, अपर महाप्रबंधक (ओपी एंड बीडी), डीएफसीसीआईएल/ प्रयागराजसुप्रशस्ति श्रीवास्तव, मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/ आगरा / उत्तर मध्य रेलवे, ज्ञान मेहता, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/ रेलवे विद्युतीकरण/ अंबाला, भारत भूषण कालरा, वरि. सामग्री प्रबन्धक/रेलवे विद्युतीकरण/ अंबाला, अमित मालवीया, वरिष्ठ जन सम्पर्क अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज डा. अपराजिता वत्स, एडीएमओ, कालका/अंबाला मण्डल, केवल प्रकाश, प्रधानाचार्य, सेफ्टी कैंप, धरमपुर एवं अन्य व्याख्याताओं द्वारा गाड़ी संचालन मे संरक्षा, प्रेरणा, सतर्कता एवं निविदा और अनुबंधों मे सामान्य अनियमितताएँ, कंडक्ट रूल, रेल कर्मचारियों के लिए नैतिकता, अनुशासन एवं अपील नियम, रेलवे के प्रति जनसंपर्क विभाग का कर्त्तव्य और, आर टी आई, मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन, समय प्रबंधन विषयों पर व्याखान एवं संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज सभी सुपरवाईजारों को स्वास्थ्य सुधार एवं नैतिक सुधार की शपथ दिलाई गयी। उक्त कार्यक्रम में "नैतिकता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन दिनांक १६.०६.२०२३ को अंकुर चन्द्रा, उप महाप्रबंधक सा.,उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण तथा निबंध प्रतियोगिताएं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

## अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध चलाया गया दो दिवसीय अभियान



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे के तीनो मंडल प्रयागराज, झाँसी एवं आगरा मे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल ए.एन. सिन्हा के निर्देशन पर अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध दिनांक २६.०६.२३ से २७.०६.२३ तक दो दिवसीय अभियान चलाया गया। जिसमें २८ मामले पंजीकृत करते हुए भविष्य यात्रा के १,६७,४६७/- रूपये एवं भूतकाल के ३,०४,५८२ कुल कीमत ४,७२,०४६ के टिकटो को जप्त किया गया। २८ मामलो मे २० IRCTC एजेंटो एवं ०८ अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। 449 E & Ticket एवं ०७ काउंटर टिकट को जप्त करते हुए १२ IRCTC एजेंट प्व एवं १२४ Personal User ID को Deactivated/Blocked किया गया।

# चिकित्सा विभाग द्वारा लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में चिकित्सा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यो की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में चिकित्सा विभाग द्वारा हिंदी में निष्पादित कार्यो की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि कार्यालय के सभी कामकाज में भाषा का प्रयोग करते समय संबंधित विषय की मूल भावना और संकल्पना पूरी तरह स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि निचले क्रम के कर्मचारीगण उन्हें सही तौर पर आत्मसात कर उनका समुचित अनुपालन सुनिश्चित कर सकें। सतीश कुमार ने चिकित्सा विभाग के उपस्थित अधिकारियों और जन स्वास्थ्य से जुड़े सभी पर्यवेक्षकों को हिदायत दी कि कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में उनके स्वास्थ्य और चिकित्सा के बारे में निरंतर जरूरी बातों की जानकारी दी जाए, जागरूकता के प्रसार हेतु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए जाएं तथा सभी रेल परिसरों में स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने चिकित्सा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की और राजभाषा प्रदर्शनी एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु दस हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की।

इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार चिकित्सा विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक जे. पी. रावत द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, सचिवध्महाप्रबंधक अजय सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सहायक फार्मेसी अधिकारी/ मुख्यालय एम. के. कुलश्रेष्ठ तथा राजभाषा एवं चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# मेट्रो रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



साभारः मेट्रो रेलवे कोलकाता मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी की अध्यक्षता में मेट्रो भवन स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी सतीश कुमार ने महाप्रबंधक एवं समिति के सभी सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक पी.उदय कुमार रेड्डी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को एक सम्मिलित दायित्व बताया और सभी को यथासंभव राजभाषा में कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा मेट्रो रेलवे की राजभाषा पत्रिका 'मेट्रो चेतना' के नवीनतम एवं ३१वें अंक का विमोचन भी किया गया। बैठक में समिति के सदस्यगण तथा उनके प्रतिनिधि उपसथित थे। बैठक का संचालन किरण बोस, राजभाषा अधिकारी ने किया।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज मे हिंमाशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रयागराज मंडल की बैठक दिनांक २६.०६. २०२३ को मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल पर हो रही राजभाषा प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसे हम नैसर्गिक रूप में प्रकट कर सकते हैं। राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सरकारी कामकाज में करने के लिए पहले इसे हमें अपने दैनिक जीवन और व्यवहार में लाना होगा तभी राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि कार्यालय में पत्रों, सारपृष्ठों, फाइलों पर प्रयोग किए जाने किए जाने वाले लघु आदेशात्मक वाक्यों तथा पदनाम आदि को अधिक से अधिक हिंदी में बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी को हमें स्वयं के कर्तव्य के रूप में प्रयोग करना चाहिए न कि किसी दबाव अथवा सुझाव के रूप में। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान हिंदी प्रगति का भी जायजा लें और पाई गई कमियों को दूर कराने हेतु ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा और अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी नवीन प्रकाश ने प्रयागराज मंडल पर हो रही राजभाषा हिंदी की प्रगति से सभी शाखाधिकारियों को अवगत कराया।

बैठक के दौरान सभी शाखाधिकारियों सहित अपर मंडल रेल प्रबंधकध्सामान्य संजय सिंह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन अजय कुमार राय भी उपस्थित रहें। बैठक का संचालन जन संपर्क अधिकारी और राजभाषा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने किया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर. यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# ए.एन. सिन्हा, ने महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त का किया पदभार ग्रहण



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज मे ए.एन. सिन्हा, ने महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, का पदभार ग्रहण कर लिया। सिन्हा यूपीएससी के माध्यम से भर्ती हुए १९८६ बैच के सिविल सेवक हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए और एमबीए किया है और मुंबई विश्वविद्यालय से एलएलबी/सामान्य किया है। अपनी सेवा के दौरान, उन्हें पूरे भारत में आरपीएफ में उत्तर सीमांत रेलवे में लुमडिंग और तिनसुकिया, ईस्ट कोस्ट रेलवे में विशाखापत्तनम, दक्षिण पूर्व रेलवे में खड़गपुर, दक्षिण मध्य रेलवे में हैदराबाद और सिकंदराबाद, दक्षिण पश्चिम रेलवे में बैंगलोर, अपर मुख्य सुरक्षा आयुक्त आयुक्तध्दक्षिण रेलवे, कोंकण रेलवे में महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, महानिरीक्षक-सह-निदेशक/आरपीएफ टीसी मौला अली/सिकंदराबाद और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ बिलासपुर में महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त में कार्य किया है। उन्होंने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी/ हैदराबाद, राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी/हैदराबाद, रेलवे स्टाफ कॉलेज/वडोदरा और भारत और विदेशों में अन्य स्थानों पर विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में सामरिक पाठ्यक्रम और सिंगापुर और मलेशिया में वरिष्ठ प्रबंधन पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण भी लिया है। वह भारतीय पुलिस पदक, माननीय रेल मंत्री द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, महानिदेशक/ आरपीएफ प्रतीक चिन्ह और ०३ अवसरों पर महाप्रबंधक के पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं।

# राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के परिचालन विभाग विशेषांक का हुआ विमोचन




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के महाप्रबंधक सतीश कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए सतीश कुमार ने कहा कि सरकारी कामकाज राजभाषा में करना हमारा संवैधानिक, राष्ट्रीय एवं नैतिक कर्तव्य है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में राजभाषा के शत-प्रतिशत प्रयोग के लिए हम सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि राजभाषा कार्यान्वयन के सभी मदों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाय। सतीश कुमार ने बैठक में उपस्थित मंडलों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सुविधाओं से संबंधित साइनेज, नाम-पदनाम बोर्ड एवं इलेक्ट्र निक सूचना एवं अन्य सभी मदों में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय और जहां कहीं भी कमी पाई जाय , उन्हें तत्काल दूर कराया जाए। नए सूचना बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड आदि को लगाने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सूचनाओं को प्रदर्शित करने की सुविधा उपलब्ध हो। किसी भी सूचना बोर्ड आदि में भाषा और वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ नहीं होनी चाहिए।सतीश कुमार ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के अधिकांश कर्मचारी हिन्दी भाषी हैं और अपने कामकाज की भाषा में केवल हिन्दी का ही प्रयोग करते हैं। अतः राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु मुख्यालय, मंडल कार्यालय एवं प्रशासनिक कार्यालयों द्वारा जारी किये जाने वाले संरक्षा से सम्बंधित सभी परिपत्रों, कार्य निर्देश, कर्षण संचालन नियम, स्टेशन संचालन नियम, गेट संचालन नियम आदि का अनिवार्य रूप से हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि संबंधित कर्मचारी उसे अच्छी तरह से समझ कर और समुचित अनुपालन सुनिश्चित कर सकें। सतीश कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके विभागों एवं कार्यालयों के सभी कर्मचारी कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने पूर्णतः दक्ष होने चाहिए तथा कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों, विशेषतः धारा ३(३), सभी प्रकार के पत्राचार, टिप्पणियाँ, डिक्टेशन आदि में हिन्दी अथवा हिन्दी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप के प्रयोग में हासिल प्रगति को बनाए रखा जाय और अपेक्षित लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जाय। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सभी अधिकारियों को हिदायत दी कि वे अपने निरीक्षण नोट हिन्दी या मिली जुली भाषा में बनायें तथा अपने निरीक्षणों के दौरान अनिवार्य रूप से राजभाषा प्रगति का भी जायजा लें।बैठक के आरंभ में महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका रेल संगम के परिचालन विभाग विशेषांक का विमोचन किया। उन्होंने कथा संग्रह/उपन्यास के लिए रेलवे बोर्ड की प्रतिष्ठित प्रेमचंद पुरस्कार योजना का प्रथम और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले तथा रेलवे बोर्ड की अखिल स्तर की हिंदी टिप्पण और प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध और हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं का पुरस्कार प्राप्त करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के कर्मचारियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएँ दीं। बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने समिति के सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग प्रसार बढ़ाने के लिए किये गये कार्यो से अवगत कराते हुए कहा कि पिछली बैठक के बाद से कई हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गयीं तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने समिति को बताया कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग एवं प्रसार को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह मुख्यालय में विभागों एवं मण्डलों में शाखाओं में राजभाषा में किये जा रहे कार्यो की प्रदर्शनी लगाई गई और राजभाषा में किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी।बैठक में अपर महाप्रबंधक चन्द्र प्रकाश गुप्ता एवं प्रधान कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे में वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग" की थीम के साथ दिनांक २१.०६.२०२३ को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर रेलगाँव क लोनी सूबेदारगंज उत्तर मध्य रेलवे में योग शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार के नेतृत्व एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन रूबी रानी सिंह की उपस्थिति में इस शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने शिविर का शुभारंभ किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी उपस्थित रेल कर्मियों ,उनके परिवारजनों एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने योग शिविर मे भाग लिया ।इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मंडल रेल प्रबंधकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तथा कारखानों में मुख्य कारखाना प्रबंधकों एवं रेलकर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के सभागार सहित, टूंडला क लेज, प्रयागराज, कानपुर, मीरजापुर सहित प्रमुख स्टेशनों, क्रू लॉबी, रनिंग रूमों प्रयागराज, इलेक्ट्रिक ट्रेनिंग सेंटर, कानपुर एवं विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए।

झांसी मंडल में मंडल रेल प्रबंधक, झांसी आशुतोष के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए। आगरा मंडल मे मंडल रेल प्रबंधक आनंद स्वरूप के नेतृत्व में अधिकारी क्लब आगरा में योग सत्र का आयोजन किया गया। इसी तरह के योग सत्र विभिन्न स्टेशनों पर आयोजित किए गए।इस आयोजन का ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप आदि जैसे सोशल मीडिया टूल्स का उपयोग करके कार्यक्रम का व्यापक प्रचार किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन संजीव कुमार के समन्वयन में संचालित हुआ।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे ने अर्जित की मई २०२३ में माल ढुलाई से १४६४२ करोड़ रुपये की आय

पसूका/नई दिल्लीः रेलवे ने मई २०२३ में १३४ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की, पिछले वर्ष मई महीने में १३१.५० मीट्रिक टन की माल ढुलाई हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में माल की ढुलाई में लगभग २ प्रतिशत का सुधार हुआ है। मई २०२२ में माल ढुलाई से १४०८३.८६ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि मई २०२३ में यह लगभग चार प्रतिशत बढ़कर १४६४१.८३ करोड़ रुपये हो गया।

पिछले वर्ष अप्रैल-मई में २५३.४८ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई। इस वर्ष अप्रैल-मई २०२३ तक संचयी आधार पर २६०.२८ मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई, जो पिछले साल की तुलना में लगभग ३ प्रतिशत का सुधार दर्शाती है। रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष आय में ५ प्रतिशत का सुधार किया। २०२२ में रेलवे ने २७०६६.४२ करोड़ रुपये की आय अर्जित की थी, जो इस वर्ष बढ़कर २८५१२.४६ करोड़ रुपये हो गई है। मई २०२३ में भारतीय रेलवे ने ६५.८६ मिलियन टन कोयला, १५.२३ मिलियन टन लौह अयस्क, १३.२० मिलियन टन सीमेंट की माल ढुलाई की। इसके अतिरिक्त शेष अन्य वस्तुओं में १०.६६ मिलियन टन, कंटेनरों में ६.७६ मिलियन टन, उर्वरक में ४.८६ मिलियन टन, खाद्यान्न में ४.८५ मिलियन टन और खनिज तेल में ४.२३ मिलियन टन माल की ढुलाई की है। हंग्री फॉर कार्गो मंत्र का पालन करते हुए भारतीय रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के कारण रेलवे को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस २०२३ का ६वां संरण दुनिया भर में व्यापक भागीदारी के साथ मनाया गया






साभारः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस २०२३ का ६वां संस्करण व्यापक पैमाने पर सफलता पूर्वक मनाया गया और कुछ नई पहलें देखने को मिली जिन्होंने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) को विशेष बना दिया । मध्य प्रदेश के जबलपुर में मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में १५,००० से अधिक लोगों की उत्साहवर्धक भागीदारी देखी गई, इन लोगों ने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति में कॉमन योग प्रोटोकल (सीवाईपी) प्रदर्शन में भाग लिया । इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केन्द्रीय आयुष और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्रभाई, कैबिनेट मंत्री , मध्य प्रदेश के सांसद, रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी. पटेल, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री और आयुष मंत्रालय के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण



साभारः मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों समेत कोराव स्थित निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक एवं कैन्टीन, व्यायज हॉस्टल गर्लस हास्टल एवं प्रधानाचार्य आवास का निरीक्षण करते हुए सभी स्थानों पर कार्यो की गुणवत्ता की जांच स्वयं करी जो असंतोषजनक पायी गयी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार सुनिश्चित कराते हुए सभी कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने भूमाफिया के अवैध कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत निर्मित ७६ आवासों का किया लोकार्पण



साभारः मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ ने लूकरगंज, प्रयागराज में भूमाफिया के अवैध कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत निर्मित ७६ आवासों का बटन दबाकर लोकार्पण करते हुए आवास के लाभार्थियों से संवाद भी किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी ने आज प्रेस ग्राउण्ड, लूकरंगज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपी तथा पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने ७६८ करोड़ रूपये लागत की २२६ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया तथा जनसभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनसभा में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज की इस पवित्र धरती पर माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत बने ७६ आवासों की चाबी को परिवारों को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी ७६ लाभार्थी परिवारों के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से प्रदेश में ५४ लाख गरीबों को आवास प्राप्त हुआ है, मैं उन सभी परिवारों को इसके लिए बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों, व्यापारियों की जमीनों व सरकारी जमीनों पर माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया जाता था, परंतु अब माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीनों पर गरीबों के लिए अच्छे आवास बन रहे है, यह एक संदेश देने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज की धरती प्राचीन काल से पवित्र धरती है, तीर्थ की धरती है। हमारी सरकार ने प्रयागराज के पौराणिक नाम को वापस दिया है। इसके साथ ही साथ प्रयागराज प्राचीन काल से ही धर्म, आध्यात्म, शिक्षा और न्याय की धरती भी है। मा० मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तर्ज पर माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीनों पर गरीबों के लिए उनका आसियाना बनाये जाने के लिए कहा है। मा० मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह सुशासन की वह शुरूआत है, जो प्रधानमंत्री जी ने ६ वर्ष पहले देश के अंदर व विगत ६ वर्षों से प्रदेश में हमारी सरकार ने किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने मा० उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी की मांग पर प्रयागराज में १० हजार लोगो की क्षमता वाले एक कन्वेंसन सेंटर बनाये जाने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण को जमीन का चिन्हॉकन करने तथा डीपीआर बनाये जाने के लिए कहा है। कहा कि हमारी सरकार विकास के नये आयाम स्थापित कर रही है।





## विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष सुपरफास्ट रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

### गाड़ी सं. 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या - 01905 | | | गाड़ी संख्या - 01906 | |
|---|---|---|---|---|
| कानपुर-अहमदाबाद | | | अहमदाबाद-कानपुर | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| सोम | 15:35 | कानपुर सेंट्रल | 11:55 | बुध |
| 17:13 | 17:15 | इटावा | 09:15 | 09:17 |
| 19:00 | 19:05 | टूंडला | 08:05 | 08:10 |
| 20:10 | 20:15 | आगरा फोर्ट | 06:00 | 06:05 |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर सीकरी | 05:13 | 05:15 |
| 21:13 | 21:15 | रूपबास | 04:55 | 04:57 |
| 22:15 | 22:17 | बयाना | 04:25 | 04:27 |
| 11:00 | मंगल | अहमदाबाद | मंगल | 14:40 |

अन्य ठहराव : उपरोक्त स्टेशनों के अतिरिक्त यह गाड़ी हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी, आनंद एवं नडियाद स्टेशनों पर भी रूकेगी।

कानपुर सेंट्रल से गाड़ी संख्या 01905, प्रत्येक सोमवार, दिनांक : 03.07.2023 से 25.09.2023 तक
अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01906, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक : 04.07.2023 से 26.09.2023 तक

गाड़ी संरचना : एसएलआर/डी - 02, सामान्य श्रेणी - 05, स्लीपर श्रेणी - 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01,

### गाड़ी सं. 04165/04166 आगरा कैंट-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04165 | | | गाड़ी संख्या - 04166 | |
|---|---|---|---|---|
| आगरा कैंट-अहमदाबाद | | | अहमदाबाद-आगरा कैंट | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| बुध | 20:20 | आगरा कैंट | 06:10 (शुक्र) | ----- |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर सीकरी | 05:13 | 05:15 |
| 21:13 | 21:15 | रूपबास | 04:55 | 04:57 |
| 22:15 | 22:17 | बयाना | 04:25 | 04:27 |
| 11:00 | गुरू | अहमदाबाद | गुरू | 14:40 |

अन्य ठहराव : उपरोक्त स्टेशनों के अतिरिक्त यह गाड़ी हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी, आनंद एवं नडियाद स्टेशनों पर भी रूकेगी।

आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04165, प्रत्येक बुधवार, दिनांक : 05.07.2023 से 27.09.2023 तक
अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04166, प्रत्येक गुरूवार, दिनांक : 06.07.2023 से 28.09.2023 तक

गाड़ी संरचना : एसएलआर/डी - 02, सामान्य श्रेणी - 05, स्लीपर श्रेणी - 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 02, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी - 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01

### गाड़ी सं. 04167/04168 आगरा कैंट-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04167 | | | गाड़ी संख्या - 04168 | |
|---|---|---|---|---|
| आगरा कैंट-अहमदाबाद | | | अहमदाबाद-आगरा कैंट | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| रवि | 20:20 | आगरा कैंट | 06:30 | मंगल |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर सीकरी | 05:33 | 05:35 |
| 21:13 | 21:15 | रूपबास | 05:15 | 05:17 |
| 22:15 | 22:17 | बयाना | 04:45 | 04:47 |
| 11:00 | सोम | अहमदाबाद | सोम | 14:40 |

अन्य ठहराव : उपरोक्त स्टेशनों के अतिरिक्त यह गाड़ी हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी, आनंद एवं नडियाद स्टेशनों पर भी रूकेगी।

आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04167, प्रत्येक रविवार, दिनांक : 02.07.2023 से 24.09.2023 तक
अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04168, प्रत्येक सोमवार, दिनांक : 03.07.2023 से 25.09.2023 तक

गाड़ी संरचना : एसएलआर/डी - 02, सामान्य श्रेणी - 05, स्लीपर श्रेणी - 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 02, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी - 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway 1056/23(AN)

## दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री, २०२४ लोकसभा चुनाव प्रचार का करेंगे आगाज



रे.स.ब्यू./सूत्रः वाराणसी के रिंग रोड के पास इंटरनेशनल स्टेडियम को बीसीसीआई ने हरी झंडी दिखाई थी, जिसके बाद कवायद शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री इस स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे। मोदी सरकार की ९ साल की उपलब्धियों को लेकर जगह-जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुलाई माह में वाराणसी आएंगे। दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री पूर्वचल के लोगों को इंटरनेशनल स्टेडियम की सौगात देंगे साथ ही जनसभा कर २०२४ लोकसभा चुनाव के प्रचार का बिगुल फूकेंगे। इसके अलावा प्रबुद्धजनों से ९ साल के कामकाज पर संवाद करेंगे साथ ही पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मन्त्र भी देंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर आगामी ७ जुलाई को वाराणसी आएंगे। यहां वो रिंग रोड के किनारे हरहुआ में जनसभा को सम्बोधित करेंगे और पूर्वांचल को पहले इंटरनेशनल स्टेडियम सहित कई विकास परख योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद इसी मंच से मिशन २०२४ के चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे और भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। लोकसभा चुनाव २०२४ के पहले काशी में होने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि इसे वाराणसी और आस-पास के जिलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आएंगे।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की ६६वीं बैठक संपन्न



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर –क्षेत्रिय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की ६६वीं बैठक अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू की अध्यक्षता में दिनांक १५.०६.२०२३ को जोनल सभाकक्ष, बिलासपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक शशि प्रकाश द्विवेदी ने अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों तथा मंडलों/कारखानों से पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक महोदय ने प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग की ई-पत्रिका 'जिज्ञासा' के १४वें अंक का विमोचन किया तथा पत्रिका के लेखों एवं प्रस्तुतिकरण की सराहना की। मार्च २०२३ को समाप्त तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति पर वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, लोकेश कुमार शर्मा ने मदवार चर्चा प्रारम्भ की। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने कहा कि इस रेलवे में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति संतोषजनक है तथापि गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी मदों में वास्तविक प्रगति की आवश्यकता है। बैठक की कार्यसूची के अनुसार अधिकांश मदों में लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर मंडल में संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण होना संभावित है। समय-समय पर होने वाले निरीक्षण के लिये पूर्व तैयारी करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यो की प्रगति का निरंतर अवलोकन और निरीक्षण करने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी लोकेश कुमार शर्मा ने किया।

### साहस का परिचय

बोलने का साहस,
मुह खोलने का साहस,
जबान को तोलने का साहस,
इरादों को हिम्मत से झकझोरने का साहस।
आत्मविश्वास पैदा करने का साहस,
आत्मग्लानि से उभरने का साहस,
शक्ति ऊर्जा कूट कर भरने का साहस,
परस्थितियों को अनुरूप करने का साहस।
इन्तेजार करने का साहस,
एतबार करने का साहस,
फरियाद करने का साहस,
बेबाक अपनी बात करने का साहस।
साहस का एक ही नाम माँ है,
इन्तेजार का लंबा सफर तय किया है,
सहनशील बनकर हर विष को पिया है,
माँ तूने हमे अपना अनमोल समय जी भर कर हमें दिया है।



शैलेन्द्र

## विधि और न्याय मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत हुई आभा गौतम



रे.स.ब्यू./सूत्रः केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी संकल्प के द्वारा आभा गौतम को विधि और न्याय मंत्रालय हिंदी सलाहकार समिति का ३ (तीन) वर्ष कार्यकाल के लिए सदस्य मनोनीत किया है। आभा गौतम ग्राम बछगांव निवासी एवं राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री काउन्सिल (एनआरयूसीसी) रेल मंत्रालय के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम की पत्नी हैं। श्रीमती गौतम हिंदी एवं संस्कृत में स्नातकोत्तर तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापिका हैं।

हिंदी सलाहकार समिति में कुल २६ सदस्यों का मनोनयन किया गया है।

जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा से छह सांसदों का मनोनयन भी किया गया है। जिसमें प्रमुख रुप से राज्यसभा सांसद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एवं हरनाथ सिंह यादव (एटा) हैं। हिन्दी सलाहकार समिति में विधि विभाग तथा गृह मंत्रालय के सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी भी सम्मिलित हैं। गौतम ने बताया कि वह देश के संपूर्ण उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में न्यायिक कार्यों में राजभाषा हिंदी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग है।

## तालबेहट स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रःमंडल रेल प्रबंधक झाँसी के निर्देशानुसार तालबेहट स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। दिनांक २८.०६.२०२३ को संरक्षा संवाद में डिस्कनेक्शन एवं रीकनेक्शन के दौरान गाड़ी संचालन, पर विशेष प्रकाश डाला गया, साथ ही अन्य विषयों पर जैसे कि स्टेबल लोड, लोडिंग-अनलोडिंग, हॉट एक्सल, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानी, इंजीनियरिंग ब्लॉक, ओएचई मेन्टीनेन्स की जानकारी, इन्टरलॉकिंग एवं नान इन्टरलॉकिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियाँ तथा ट्रैक पर कैटल रन ओवर होना इत्यादि विषयो पर चर्चा की गई।संरक्षा संवाद स्टेशन प्रबंधक तालबेहट जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अद्यक्षता में आयोजित किया गया।

## Camps To Facilitate Commuters For Recharging Smart Cards Online



Source/CPRO/Metro Railway/Kolkata: Metro Ride Kolkata app has been gaining popularity with every passing day amongst the Metro users. In order to enable more and more commuters to use this app, Metro officers and staff have been conducting special camps at all Metro stations at regular intervals. Special promotional films (on how to download and use this customer friendly app) are also being shown on platform televisions of North-South and East-West Metro stations. Social Media platforms are also being used to popularize this app.Special camps were conducted 29.06.2023 at all stations of North-South (Blue Line) and East-West (Green Line) Metro to make Metro users aware of this app. It is expected that such camps will help Metro commuters to get acquainted with this user friendly app. It is helping Metro commuters to save their valuable time as they don't need to stand in the long queues in front of the booking counters to recharge their Smart Cards or purchase QR Code Based Tickets anymore

इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।

-महात्मा गांधी

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने की आगरा मंडल परिक्षेत्र के संसद सदस्यों के साथ बैठक



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार के साथ आगरा मंडल परिक्षेत्र के संसद सदस्यों की बैठक का आयोजन जे पी होटल, आगरा में दिनांक २५.०५.२०२३ को किया गया द्यइस बैठक की अध्यक्षता सांसद सदस्य एसपी सिंह बघेल द्वारा की गई स इस बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं राजस्थान के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने का कार्य करता है। आगरा मण्डल हमारे कार्य क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। यह दक्षिण एवं पश्चिम को जोड़ने वाले हमारे प्रमुख रेल मार्ग पर स्थित है। इस मण्डल के महत्व को ध्यान में रखते हुये यहाँ पर यात्री सुविधाओं का निरंतर विकास किया जाना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है। आगरा मण्डल में नई लाईनों के सर्वेक्षण, नई लाईनों का निर्माण पहले से बनी हुई रेल लाईनों का दोहरीकरण, गेज परिवर्तन एवं विद्युतिकरण योजनाओं के लिये संसद सदस्य एवं रेल प्रशासन का तालमेल विकास को नई गति दे सकता है। इस अवसर पर प्रो. एस. पी. सिंह बघेल, संसद सदस्य, आगरा जी ने राजा की मण्डी एवं सेन्ट जोन्स रेलवे पुल का (चौड़ीकरण) विस्तार, आगरा कैंट रेलवे पुल का (चौड़ीकरण) विस्तार, किदवई पार्क रेलवे पुल का (चौड़ीकरण) विस्तार एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य, राजा की मण्डी रेलवे स्टेशन से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन की ओर लेवल क्र सिंग ४६६ एवं ४६८ के मध्य बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य,आगरा फोर्ट से कोटा के लिए सुपर फास्ट गाड़ी का संचालन, यमुना ब्रिज स्टेशन पर आरक्षित खिड़की का संचालन, आगरा फोर्ट से अजमेर २२६८८७/८७ इन्टरसिटी का गाड़ी का ईदगाह पर ठहराव, फाटक सं. ०६ पृथ्वीनाथ फाटक, आगरा पर आर. ओ.बी. का निर्माण। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क सुलभ शौचालय का निर्माण जैसे हेतु कई सुझाव दिये। माननीया श्रीमति हेमा मालिनी जी,संसद सदस्य, मथुरा के जनप्रतिनिधि द्वारा जनपद मथुरा में जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पर्यटन विकास सम्बन्धी कार्यों के अन्तर्गत मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के गेट नं. ०२ के प्रवेश (एन्ट्री) के बाहर टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेण्टर के निर्माण,भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के पास परिक्रमार्थियों हेतु अण्डर पास ,मथुरा जं. स्टेशन पर जनहित में गतिमान एक्सप्रेस का ठहराव, मथुरा जं. स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार, द्वितीय प्रवेश द्वार एवं तृतीय प्रवेश द्वार का और अधिक सौंदर्यीकरण की आवश्यकता, परखम स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज (FOB) निर्माण,छाता स्टेशन पर दैनिक यात्रियों के वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था, छाता स्टेशन , गोवर्धन रेलवे स्टेशन, वृंदावन रेलवे स्टेशन, वृंदावन रोड एवं अझई रेलवे स्टेशन, भूतेश्वर रेलवे एवं कोसीकला स्टेशन पर वाटर कूलर, आर. ओ. वाटर प्लांट, ए. सी. प्रतीक्षालय,कोसीकला स्टेशन गुड्स शेड से शहर की मैन रोड (हाइवे तक) सड़क निर्माण जैसे हेतु कई सुझाव दिये। प्रो. (डॉ) राम शंकर कठेरिया, संसद सदस्य , इटावा जी ने रतलाम ग्वालियर एक्सप्रेस - ११२५ जो कि भिंड से चलती है । इस एक्सप्रेस ट्रेन को इटावा से चलाए जाने की बहुत मांग, फफूंद रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्स. (लखनऊ से दिल्ली) - १२००३/ १२००४, श्रमशक्ति एक्स. (कानपुर से दिल्ली) - १२०३३/१२०३४, फरक्का एक्स. (मालदा टाउन से दिल्ली)- १३४८३/१३४८४, मुरी एक्स. (जम्मू तवी से सम्बलपुर)- १८३०६/१८३१० ट्रेनों का ठहराव जैसे हेतु कई सुझाव दिये। महंत बालक नाथ योगी जी, संसद सदस्य, अलवर जी के जनप्रतिनिधि द्वारा रेलवे स्टेशन रामगढ एवं गोविन्दगढ में इलाहाबाद ट्रेन संख्या १२४०३ व १२४०४ का ठहराव, आगरा-अजमेर इन्टरसिटी एक्सप्रेस रेलगाडी संख्या १२१९५ एवं १२१९६ का ठहराव रेलवे स्टेशन करणपुरा तह. रैणी जिला-अलवर में सुनिश्चित किया जाये। माननीया संसद सदस्या श्रीमती रंजीता कोली भरतपुर जी के जनप्रतिनिधि द्वारा नदबई पर आगरा-अजमेर सुपरफास्ट गाड़ी सं. २२६८७/८८ एवं आगरा-अहमदाबाद गाड़ी सं. १२५४७/४८ एवं साबरमती सुपरफास्ट गाड़ी सं. २२५४७/४८ को नदबई रेलवे स्टेशन पर ठहराव एवं । TVM मशीन की सुविधा, बरेली- बांदीकुई गाड़ी सं. ५४४६१/ ६२ जो पूर्व में चलती थी, जिसको बंद कर दिया गया जिसको पुनः संचालित किया जाए, रूपवास रेलवे स्टेशन पर पानी/शौचालय/ATVM मशीन की सुविधा, खेडली रेलवे स्टेशन पर आगरा-अहमदाबाद गाड़ी सं. १२५४७/४८ एवं साबरमती सुपरफास्ट गाड़ी सं. २२५४७/४८ का ठहराव, अजमेर-जयपुर डीएमयू (०६६०५/०६) का भरतपुर तक विस्तार जैसे हेतु कई सुझाव दिये। माननीया श्रीमती जसकौर मीना जी, संसद सदस्या, दौसा राजस्थान जी के जनप्रतिनिधि द्वारा मंडावर स्टेशन पर गोमती नगर- जयपुर-गोमती नगर (गाड़ी सं. १९७१५-१९७१६) का स्टोपेज, कोच डिस्पले बोर्ड व वेटिंग हॉल, महवा एवं मंडावर प्रमुख अनाज मण्डी है अतः यहा यार्ड की सुविधा होनी चाहिए जैसे हेतु कई सुझाव दिये। इस अवसर पर आगरा मण्डल में चल रहे विकास कार्यों पर मण्डल रेल प्रबंधक आनन्द स्वरुप द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक अंकुर चंद्रा ने किया तथा बैठक का समापन मण्डल रेल प्रबंधक आनन्द स्वरुप के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय विभागाध्यक्ष के साथ-साथ मण्डल के अधिकारीगण उपस्थित थे। इसी क्रम में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार द्वारा अमृत भारत के तहत ईदगाह रेलवे स्टेशन ,फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन एवं आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया एवं यात्री संबंधित मूलभूत सुविधाओं के बारे में जाना तथा आगरा छावनी वीआईपी लज में ZRUCC, DRUCC मेंबर एवं मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता की एवं उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझाव नोट किए गए।

## प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से खुलेंगे भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए नये द्वार मा. प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर संबंधी घोषणाएं:



साभारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को देश के भीतर सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का दृष्टिकोण दिया। १ जनवरी, २०२२ को भारत के सेमीकंडक्टर कार्यक्रम की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में पूरी तरह से सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना है। • प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिका में सेमीकंडक्टर से संबंधित ३ घोषणाएं सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की दिशा में हमारी इस यात्रा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगी। • पहली घोषणा के अनुसार, माइक्रोन टेक्नोलॉजी इंक भारत में नई सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए अगले ५ वर्षों में २.७५ बिलियन डॉलर (२२,००० करोड़ रुपये से अधिक) का निवेश करेगी। माइक्रोन दुनिया की शीर्ष १० सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों में से एक है। • भारत में माइक्रोन की यूनिट पीसी, नेटवर्क उपकरण और डेटा सेंटरों में इस्तेमाल किए जाने वाले मेमोरी और स्टोरेज उत्पादों का निर्माण करेगी। इस यूनिट से प्रत्यक्ष रूप से ५,००० और अप्रत्यक्ष रूप से १५,००० लोगों को रोजगार मिलेगा। • दूसरी घोषणा के अनुसार, एप्लाइड मैटेरियल्स कंपनी बेंगलुरु में एक सहयोगी इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए अगले ४ वर्षों में ४०० मिलियन अमेरिकी डॉलर (३,००० करोड़ रुपये से अधिक) से अधिक का निवेश करेगी। एप्लाइड मैटेरियल्स सेमीकंडक्टर उपकरण, सेवाओं और सॉफ्टवेयर क्षेत्र की एक अग्रणी आपूर्तिकर्ता कंपनी है। • तीसरी घोषणा के अनुसार, लैम रिसर्च कंपनी सेमीकंडक्टर उद्योग में प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मिलकर काम करेगी। लैम के ''सेमीवर्स'' वर्चुअल सॉल्यूशन का इस्तेमाल अगले १० वर्षों में भारत में ६०,००० इंजीनियरों को प्रशिक्षण देने के लिए किया जाएगा। • ये घोषणाएं भारत के लिए संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में बड़ी सफलता साबित होंगी।



प्रयागराज स्थित ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सम्पादक, रेल समाचार ब्यूरो कार्यालय पर फिरोजाबाद के सांसद डॉ. चन्द्रसेन जादौन जी एवं राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री काउंसिल (एनआरयूसीसी) के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम का आगमन हुआ। दोनों का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार




भारत सरकार,भारी उद्योग मंत्रालय ,हिन्दी सलाहकार समिति की सातवीं बैठक का आयोजन माननीय डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय जी, केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, की अध्यक्षता में मसूरी के होटल सवॉय में संपन्न हुई ।

# रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज उत्तर मध्य रेलवे की तीन दिवसीय अंतर मण्डलीय चौम्पियनशिप का हुआ शुभारंभ






रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराजः महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार के मुख्य आतिथ्य में बैडमिंटन हॉल रेलगाँव सूबेदारगंज में तीन दिवसीय अंतर मण्डलीय इंडोर चौम्पियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाप्रबंधक सतीश कुमार एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन रूबी रानी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सी पी गुप्ता सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

उत्तर मध्य रेलवे अंतर मंडलीय इंडोर प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने पूरे जोन के मुख्यालय, तीनों मंडलों और कारखानों के खिलाड़ी भाग ले रहे है, और इन तीन दिनों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस एवं स्वीमिंग के लगभग १५० खिलाड़ी एक दूसरे के सामने होंगे । इस कार्यक्रम में आगमन पर प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर एवं अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल अधिकारी एवं महासचिव उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ हिमांशु शेखर उपाध्याय द्वारा किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और उनके परिवारिजन उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में किया जा रहा।

**कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।**
**जार्ज इलियट**

## प्रयागराज मंडल क्षेत्र के सांसदों की महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के साथ बैठक



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने प्रयागराज मंडल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक का उद्देश्य जनता की रेल सम्बंधी जन आकांक्षाओं एवं रेल सुविधाओं में सुधार और बढ़ोत्तरी के संबंध में क्षेत्रीय सांसदों और रेल प्रशासन के बीच विचार विमर्श था।

रेलवे अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या एवं खागा, मलवा और औंग स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, मालवा स्टेशन को विकसित करने, चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य डिब्बो की संख्या बढाने और महाकाल एक्सप्रेस को चलाने, चुनार-चोपन दोहरीकरण, चुनार में द्वितीय प्रवेश द्वार, लूसा में मुरी एक्सप्रेस के ठहराव, फिरोजाबाद स्टेशन पर विभिन्न गाड़ियों के ठहराव कानपुर से मुरादाबाद वाया टूंडला नई ट्रेन चलाने की अंडरपास में पानी भरने की समस्या से निजात दिलाने तथा रेलवे क लोनियो को और बेहतर करने, मुंबई दुरंतो के फेरे को २ दिन से बढ़ाकर दैनिक करने, सूबेदार गंज रेलवे स्टेशन का नाम प्रयागराज कैंट करने, लखनऊ के लिए वन्देभारत या शताब्दी ट्रेन चलाने, स्लीपर और जनरल क्लास की एक डुप्लीकेट प्रयागराज चलाने, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायत को चालू करने, जलभराव की समस्या, कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का समय बढ़ाए जाने की मांग एवं कानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने, माल गोदामों में बेहतर रखा रखाव की सुविधा की बात प्रमुखता से रखीद्य कोविड के पूर्व संचालित ट्रेनों का ठहराव पुनः प्रारंभ किया जाय। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक सामान्य अंकुर चंद्रा ने किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय एवं प्रयागराज मंडल के अधिकारियों की टीम के साथ साथ डीएफसी, सेतु निगम और जी आर पी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**








सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040